परिषदीय उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों (कक्षा 6–8) में समर कैम्प के आयोजन हेतु 03 सप्ताह की सुझावात्मक गतिविधियाँ

सप्ताह–1

1) योग व फिटनेस

- प्रातःकालीन योग सत्र–सूर्य नमस्कार, वृक्षासन, श्वास अभ्यास
- व्यायाम – जम्पिंग जैक, हुपर हॉप
- फिटनेस रिले गेम्स – टीम आधारित दौड़, बाधा रेस
- खेल (Indoor & Outdoor) गतिविधियां

2) हमारी सांस्कृतिक विरासत

- लोक नृत्य की प्रस्तुति – समूह में क्षेत्रीय नृत्य का अभ्यास
- पारंपरिक परिधान दिवस – विविध सांस्कृतिक परिधानों का प्रदर्शन
- लोककथाएँ सुनाना – भारत की प्रसिद्ध लोककथाओं का अभिनय/वाचन
- हस्तशिल्प कला – मिट्टी/कागज से पारंपरिक वस्तुएँ बनाना

3) समाज में मेरा योगदान

- पार्क या ग्राम स्वच्छता अभियान
- मेरे अधिकार और कर्तव्य पोस्टर बनाना
- वरिष्ठ नागरिकों से संवाद
- चर्चा सत्र : "मैं समाज के लिये क्या कर सकता/सकती हूँ"

4) डिजिटल कौशल और स्मार्ट कक्षा गतिविधियाँ

- डिजिटल प्रस्तुति/Presentation निर्माण – पावर प्वाइंट या कैनवस के माध्यम से प्रकृति या विज्ञान पर प्रस्तुतियाँ
- शैक्षणिक ऐप्स – क्विज, शब्द पहेली, गणित और विज्ञान खेल
- स्मार्ट बोर्ड पर सहभागिता – इंटरैक्टिव लेसन और एनिमेशन आधारित समझ
- ऑनलाइन विज्ञान प्रयोग – वर्चुअल लैब प्लेटफॉर्म पर प्रयोग करना

सप्ताह–2

1) पर्यावरण व बागवानी

- वृक्षारोपण – स्कूल परिसर में पौधे लगाना व टैग करना
- पौधों की देखभाल – निराई, सिंचाई और निरीक्षण
- पत्तों की खोज – पत्तियाँ इकट्ठा कर पर्यावरण डायरी बनाना
- कीट निरीक्षण – छोटे कीड़ों को पहचान करके नोट्स बनाना

2) विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति

- डिजिटल कोलाज – पर्यावरण विषय पर टैबलेट/डेस्कटॉप से चित्र संयोजन
- पी0पी0टी0 निर्माण – विज्ञान/प्रकृति विषय पर 3–स्लाइड्स की प्रस्तुति
- एनीमेशन वीडियो प्रस्तुति – विज्ञान आधारित लघु फिल्में देखना
- विज्ञान क्विज ऐप – प्रश्नोत्तरी के माध्यम से प्रतियोगिता

3) कक्षा में रचनात्मक गतिविधियाँ

- पुस्तकालय गतिविधियाँ एवं समूह पठन सत्र का आयोजन।
- कला और शिल्प – रंगों, कागज और पुनः उपयोगी सामग्री से सजावटी वस्तुएँ बनाना
- संगीत एवं नृत्य – गायन, ताल वादन और क्षेत्रीय नृत्य अभ्यास
- कठपुतली निर्माण और कहानी प्रस्तुति – समूहों में मिलकर नाटक प्रस्तुत करना
- शब्द खेल और बोर्ड गेम – लूडो, शतरंज, शब्द निर्माण आदि

4) विज्ञान व STEM

- DIY लावा लैम्प – तेल, पानी, रंग और टैबलेट से प्रयोग
- पेपर ब्रिज चैलेंज – कागज से पुल बनाकर उसका परीक्षण
- वायु दबाव प्रयोग – गरम और ठंडे पानी से बोतल को संपीड़ित करना
- पानी टॉवर मॉडल – कप्स को स्टैक कर पानी बहाना

सप्ताह–3

1) राष्ट्रीय एकता : विविधता में एकता

- राज्यों की झांकी बनाना – भारत के राज्यों की प्रदर्शनी
- भाषा विविधता परिचय – अलग–अलग भाषाओं में नमस्कार और नारे लगाना
- राष्ट्रगीत और देशभक्ति गीतों का गायन
- 'हम सब एक हैं' चित्र प्रतियोगिता

2) जल व ऊर्जा संरक्षण

- 'जल बचाओ' पोस्टर – जल संरक्षण पर संदेशचित्र बनाना
- वर्षा जल संचयन मॉडल – छत से पानी इकट्ठा करने की कल्पना
- पानी परीक्षण – साफ, गंदे और साबुन वाले पानी की तुलना करना
- स्विच ऑफ ड्रिल – बिजली की बचत हेतु उपकरण बंद करना

3) संगीत, रंगमंच और नाटक

- कविता पाठ या समूह गीत – प्रकृति या देशभक्ति पर आधारित
- 'प्रकृति बोलती है' भूमिका – पेड़, नदी, जानवर का अभिनय
- सामूहिक नाटक – स्वच्छता या एकता विषय पर लघु नाटक
- कठपुतली नाटक – पर्यावरण/सुरक्षा पर संदेश सहित प्रस्तुति

4) कार्यशालायें और विशेष सत्र

- भाषा कार्यशाला – शब्दों का खेल, कहानी निर्माण
- गणित कार्यशाला – पहेलियाँ, गणित आधारित खेल
- पर्यावरण जागरूकता – संरक्षण और स्थिरता पर चर्चा
- जीवन कौशल – समय प्रबन्धन, लक्ष्य निर्धारण, टीमवर्क
- स्वास्थ्य व कल्याण – मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर सत्र

5) अंतिम दिवस

- समर कैम्प के अंतिम दिवस अभिभावकों, शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा समर कैम्प के बारे में अपने अनुभव साझा किया जाना।

———